जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-नोडल पदाधिकारी,

(RTE CELL) बोकारो

कार्यालय आदेश

नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)C के अंतर्गत जिले के सभी कोटि के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों (अल्पसंख्यक विद्यालयों को छोड़कर) में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के प्रवेश कक्षा की कुल सामर्थ्य संख्या के 25% (न्यूनतम) सीटों के विरुद्ध नामांकन के लिये ऑनलाइन (Online) आवेदन दिनांक 29.01.2023 से 15.02.2023 तक किया जा सकता है।

आवेदन संबंधित विस्तृत विवरणिका जिले के वेबसाइट **www.rtebokaro.com** पर उपलब्ध है। नामांकन हेतु बच्चे की एक डिजिटल फोटो या स्कैन की गई फोटो के साथ आवेदन ऑनलाइन समर्पित कर आवेदक आवेदन पत्र का प्रिंटआउट कर लेंगे तथा दिए गए घोषणा पत्र को भर कर आवश्यक दस्तावेजों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, बोकारो के कार्यालय में दिनांक 20.02.2023 तक केवल संबंधित बच्चे के माता/पिता/अभिभावकों के द्वारा ही हाथों-हाथ स्वीकार किया जा सकेगा।

आधार कार्ड की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति ही मान्य होगी। अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण/दस्तावेजो पर विचार नहीं किया. जाएगा तथा इसके विरुद्ध भविष्य में किसी भी आपत्ति/दावा को स्वीकार नहीं किया जा सकेगा।

27/01/2023

जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-

नोडल पदाधिकारी,(RTE CELL) बोकारो।

27/01/2023